e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

स0सं0:– 03–भू0अ0नि0 (2) राज्य यो0 (संविदा)–03/2022........8919........

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी
किशनगंज।
बंदोबस्त पदाधिकारी,
बेगूसराय/लखीसराय/जहानाबाद/अररिया/
सीतामढ़ी/सुपौल/ प0 चम्पारण/शिवहर/बांका/शेखपुरा।
अपर समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी
सहरसा/कटिहार/पूर्णियाँ/मुंगेर/नालंदा/खगड़िया/
अरवल/मधेपुरा/जमुई।

पटना, दिनांक :–16/11/2023

विषय :– भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के नियंत्रणाधीन सभी बन्दोबस्त कार्यालय हेतु Employee Corner Web Portal के क्रियान्वयन के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि सभी बन्दोबस्त कार्यालयों में पदस्थापित कर्मियों की समस्याओं के सुगमतापूर्वक निष्पादन के दृष्टिगत निदेशालय के वेबसाईट dlrs.bihar.gov.in के पोर्टल पर Employee Corner का सृजन किया गया है, जिसमें निम्नांकित विषय से संबंधित आवेदन समर्पित करने की सुविधा शामिल है :–

(1) स्थापना से सम्बन्धित लंबित मामले
(2) वेतन/मानदेय से सम्बन्धित लंबित मामले
(3) स्थानांतरण आवेदन
(4) जिला बन्दोबस्त कार्यालय से संबंधित लंबित मामले

पदाधिकारियों/कर्मियों द्वारा उक्त पोर्टल पर वर्णित विषयों में स्थानांतरण को छोड़कर अन्य शेष विषयों यथा–स्थापना, वेतन/मानदेय एवं जिला बन्दोबस्त कार्यालय से संबंधित आवेदन/परिवाद सर्वप्रथम अपने बन्दोबस्त कार्यालय में देंगे। आवेदन/परिवाद के समाधान नहीं होने की स्थिति में अथवा मामला लंबे समय से निदेशालय में लंबित होने की दशा में संबंधित द्वारा उपर्युक्त पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन किया जा सकेगा एवं आवेदन पर कार्रवाई की अद्यतन जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। ऑनलाईन आवेदन R2R सॉफ्टवेयर में संधारित Employee Record के आधार पर किया जा सकेगा, जो OTP आधारित है। इसके लिए सभी पदाधिकारियों/कर्मियों का मोबाईल नंबर अद्यतन होना आवश्यक है। R2R सॉफ्टवेयर में Employee Record Update नहीं होने की स्थिति में आवेदन संभव नहीं होगा।

अतः एतद् संबंधी सूचना अपने अधीनस्थ सभी कर्मियों (संविदा सहित) को अवगत कराना सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन

16/11/23
(जय सिंह)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

स0सं0:– 03–भू0अ0नि0 (2) राज्य यो0 (संविदा)–03/2022........8919........**पटना, दिनांक**16/11/2023

प्रतिलिपि :– संबंधित सभी सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) को सूचनार्थ एवं सभी कर्मियों को अवगत कराने हेतु प्रेषित।

16/11/23
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप